दिनांक 28.07.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

समोदा एवं झेंझरी मे स्थापित होगा सिवरेज ट्रिटेमेंट प्लांट

भिलाई नगर/ राष्ट्रीय हरित अधिकरण ;एन.जी.टी. की मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम , भिलाई के सम्पूर्ण क्षेत्र से नालों के माध्यम से निकलने वाले गंदा पानी को शुद्व करने ग्राम समोदा एवं झेंझरी के दस एकड़ भूमि में नगर निगम भिलाई द्वारा सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट स्थापित किया जावेगा। निगम महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने ग्राम समोदा एवं झेंझरी के दस एकड़ भूमि का स्थल अवलोकन किया जहाॅ निगम द्वारा 180 एम.एल.डी. क्षमता का सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है , जिसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाना है। निगम क्षेत्र के नालों से बहने वाले गंदा पानी जो समोदा नाला में प्रवाहित होता है , उसका ट्रिटमेंट कर सिंचाई योग्य एवं मांग के आधार पर उद्योगों को प्रदान करने की योजना को मूर्तरूप प्रदान करने महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुॅचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस ट्रिटमेंट प्लांट के स्थापित होने से गंदा पानी जो बेकार में बह रहा है उसका शुद्विकरण कर खेतों में सिंचाई तथा उद्यागों में उपयोग हो सकेगा, बता दे की ;एन.जी.टी. के गाईडलाईन अनुसार शहरो से निकलने वाले गंदा पानी को ट्रिटमेंट कर बहु उपयोगी तथा नदी में प्रवाहित करने के निर्देश है। निगम भिलाई इसी दिशा में ग्राम समोदा एवं झेंझरी के दस एकड़ भूमि में नगर निगम भिलाई द्वारा सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। स्थल अवलोकन के दौरान संजय शर्मा , अधीक्षण अभियंता जलकार्य , सहायक अभियंता वसीम खान , एवं उपअभियंता अर्जित बंजारे परियोजना उपस्थित थे।